प्रसार भारती
आकाशवाणी शिमला
30.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

## राज्यपाल भेंट

राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भेंट की। इस दौरान राज्यपाल ने हिमाचल प्रदेश के विकास और जनकल्याण से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तारपूर्वक विचार विमर्श किया। उन्होंने 'नशा–मुक्त हिमाचल अभियान' और 'टीबी–मुक्त हिमाचल अभियान' जैसे महत्वपूर्ण पहलों से प्रधानमंत्री को अवगत करवाया। राज्यपाल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य है, लोगों को प्राकृतिक खेती पद्धति अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है जिससे बड़ी संख्या में किसान और बागवान रसायन मुक्त कृषि पद्धति को अपना रहे हैं। उन्होंने इन पहलों को और अधिक बढ़ावा देने और विस्तार प्रदान करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस बीच राज्यपाल ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से भी शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने राष्ट्रपति को हिमाचल प्रदेश की स्थिति से अवगत करवाया

## प्रश्नकाल

राज्य सरकार ट्रैक्टर मालिकों को चालान से बचाने के लिए अलग नीति लाएगी, जिससे उनकी आय में बढ़ौतरी होगी। शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दौरान आज प्रश्नकाल में विधायक भुवनेश्वर गौड़ की गैर मौजूदगी में विधायक चंद्रशेखर द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में बरसात के दिनों में नदियां जहां–जहां नुकसान कर रही हैं, सरकार वहां ड्रेजिंग करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने फिलहाल कुल्लू में पायलट आधार पर ब्यास नदी की ड्रेजिंग आरंभ की है और यदि यह प्रयोग सफल रहता है तो इसे पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ड्रेजिंग के लिए कुल 42 स्थान चिन्हित किए गए हैं और मनाली में ब्यास नदी की प्राथमिकता के आधार पर ड्रेजिंग की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ट्रैक्टरों को चालान के दायरे से बाहर करेगी। इसके लिए सरकार एक नीति मंत्रिमंडल में लाएगी।

## कटौती प्रस्ताव

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि सरकार एंट्री टैक्स में युक्तिकरण करेगी और दूसरे राज्यों के लोगों को पास के माध्यम से एंट्री टैक्स में छूट दी जाएगी। विधानसभा में आज नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर द्वारा प्वाइंट ऑफ ऑर्डर के माध्यम से इस मामले को उठाए जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि एंट्री टैक्स को लेकर सरकार पड़ोसी राज्य पंजाब की सरकार के साथ भी बात करेगी। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि उनकी सरकार ने पड़ोसी राज्यों से हिमाचल आने वाले वाहनों पर एंट्री टैक्स नहीं बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि एंट्री टैक्स में जो बढ़ौतरी हुई है वह एनएचएआई द्वारा एंट्री टैक्स को फास्ट टैग के साथ जोड़े जाने के कारण हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छोटी गाड़ियों के लिए एंट्री टैक्स पर कोई खास वृद्धि नहीं हुई है, जबकि बड़े वाहनों के लिए एंट्री टैक्स 40 रुपये बढ़ा है।

इससे पहले मामला उठाते हुए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल सरकार द्वारा लगाए गए भारी भरकम एंट्री टैक्स के कारण पड़ोसी राज्यों के साथ विवाद पैदा हो गया है और इन राज्यों के लोग बढ़े हुए एंट्री टैक्स से नाराज हैं। उन्होंने कहा कि पड़ोसी राज्य के लोग और खासकर टैक्सी व अन्य वाहन ऑपरेटर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यदि पंजाब में हिमाचल की गाड़ियों के साथ कोई अनहोनी घटना होती है तो इसकी सारी जिम्मेवारी सरकार की होगी। उन्होंने कहा कि सरकार पंजाब सरकार के साथ बैठक कर इस मुद्दे पर विचार करे।

माकपा

माकपा नेता राकेश सिंघा और संजय चौहान ने सोलन जिले के चेस्टर हिल प्रोजेक्ट में गड़बड़ी संबंधी मामले की सरकार से जांच की मांग की है। दोनों नेताओं ने शिमला में राज्य के मुख्य सचिव संजय गुप्ता पर गंभीर आरोप लगाए। माकपा नेता राकेश सिंघा ने मुख्य सचिव संजय गुप्ता को पद से हटाकर स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम गठित कर इस मामले की जांच करवाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि चेस्टर हिल प्रोजेक्ट्स में धारा 118 की उल्लंघना हुई है और नगर निगम सोलन के नियमों के खिलाफ मुख्य सचिव को प्रोजेक्ट्स से संबंधी आदेश देने का अधिकार नहीं है।

सिकंदर कुमार

केंद्रीय आवासन व शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू ने कहा है कि अमृत योजना के तहत हिमाचल प्रदेश के कुल्लू और शिमला शहर में 3 सौ 4 करोड़ 51 लाख रूपए की 75 परियोजनाओं को पूरा किया गया है।

————————————